[redacted] प्राक्टर
किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश

महोदय,

आपसे निवेदन है कि मेरी छोटी बहन हैं, जो कि किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्विधालय, लखनऊ में स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस डिपार्टमेन्ट की छात्रा है ।

महोदय मैं आपको ये अवगत कराना चाहता हु कि पैरामेडिकल साइंस डिपार्टमेन्ट में तैनात, शिक्षक और जो की आउटसोर्सिंग के माध्यम से इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस में शिक्षक के पद पर तैनात हैं । महोदय आपसे ये निवेदन करता हू कि ये दोनो शिक्षक मेरी बहन जो एक अनुसूचित जनजाति होने के कारण ये दोनो शिक्षक आर्थिक और मानसिक रुप से उसका समय समय पर उसका शोषण,अश्लील कार्य और कभी अपना निजी कार्य भी करवाते रहते है परन्तु यदि मेरी बहन अगर इनका विरोध करती हैं तो ये लोग उसके साथ गाली गलौज करते है व बोलते है कि इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस के डीन से बोल के मेरी बहन को रिस्ट्रिक्टेड करने और परीक्षा में फेल करने की धमकी देते है ।

मेरी बहन ने कई बार अपने डिपार्टमेंट के नोडल अधिकारी से इनकी शिकायत करनी चाही तो ये लोग मेरी बहन को मारने की धमकी देते है, और बोलते है कि मेरी पहुच ऊपर तक है तुम कुछ भी मेरा नही बिगाड़ सकती हो ।

एक बार इन लोगो ने मेरी बहन की सीनियर के साथ मार पीट भी कर चुके है और इनकी शिकायत होने पर भी यहां पर तैनात इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस के डीन ने भी कुछ नहीं किया था इन लोगो के कारण मेरी बहन हमेशा बहुत ही डरी सहमी रहती है और पढ़ाई करने से मना करती है।

महोदय मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि यदि मेरी बहन भविष्य में कोई भी गलत कदम उठाती लेती है या आत्महत्या करती है तो इसकी पूरी ज़िम्मेदारी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस में तैनात डीन प्रो अनिल निश्चल और आउटस्कोर्सिंग पर तैनात शिक्षक राघवेंद्र कुमार एवम वीनू दुबे की होगी।

महोदय आपसे निवेदन है की मेरी बहन और परिवार के सदस्यों की मदद करें जिससे आपकी महान कृपा होगी

धन्यवाद

प्रतिलिपि
१.मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश ।
२.डी० जी० पी० मुख्यालय, उत्तर प्रदेश ।
३. डी० एम०, मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश
४. माननीय कुलपति, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ
५. राजिस्टार, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी.

सं.-8180/प्रा०/2022
दि.-05/11/2022

Forward to Chairman Vishakha committee to arrange a meeting of Vishakha committee

Chief Proctor
... Medical University

प्रार्थी

मणिहान, मिर्जापुर, उ० प्र०पिन कोड 231210

Scanned with CamScanner

King George's. Medical University
Uttar Pradesh, Lucknow - 226003
Internal Committee for Sexual Harassment of Women at Workplace
(Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013

Ref. No.: ………………/ICSHWW/2021 **Date:**

कार्यवृत्त बैठक दिनांक–17/11/2022 अपरान्ह 03:00 बजे

दिनांक–05/11/2022 को स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त शिकायती पत्र का अवलोकन करते हुए लिफाफे पर अंकित मोबाईल नम्बर से सम्पर्क स्थापित किया गया, परन्तु शिकायतकर्ता का फोन नही लगा तद्परान्त शिकायताकर्ता को दिनांक–14/11/2022 को चीफ प्राक्टर कार्यालय में उपस्थित होन हेतु संयोजक आई0सी0एस0एच0डब्लू0डब्लू0 के द्वारा दिनांक–09/11/2022 को रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से पत्र प्रेषित किया गया परन्तु शिकायती पत्र पर पता सम्पूर्ण न होने के कारण पत्र वापस आ गया।

संयोजक आई0सी0एस0एच0डब्लू0डब्लू0 द्वारा उपरोक्त प्रकरण पर अग्रिम कार्यावाही हेतु दिनांक–17/11/2022 को अपरान्हः 03:00 बजे आई0सी0एस0एच0डब्लू0डब्लू0 समिति सदस्यो की बैठक पी.एच.आई भवन के चीफ प्राक्टर कक्ष में आहूत की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुए।

1. प्रो0 अमिता जैन (अध्यक्ष)
2. **प्रो0 क्षितिज श्रीवास्तव (सदस्य/संयोजक)**
3. **प्रो0 सुजाता देव (सदस्य)**
4. **डा0 मौसमी सिंह (सदस्य)**

समिति सदस्यो ने डिमान्स्ट्रेटर श्री (फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज, के0जी0एम0यू0) एवं सुश्री (डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन, के0जी0एम0यू0) से गहनात से पूछ–ताछ की गयी एवं मौखिक व लिखित बयान लिए गये प्रकरण की विस्तृत जॉच हेतु डा0 अनिल निश्चल (डीन, पैरामेडिकल साइंसेज, के0जी0एम0यू0) से मोबाईल फोन पर वार्ता की गयी, जिस पर उन्होंने इस प्रकार की घटना होने की संभावना नहीं जताई।

निष्कर्षः–

तदोपरान्त समिति सदस्य सर्वसम्मति से इस निष्कर्ष पर पहुची है कि बैठक में शिकायतकर्ता उपस्थिति न होने के कारण आरोपित के विरुद्ध किसी तरह के निर्णय लेने में असमर्थ है।

प्रो0 अमिता जैन (अध्यक्ष)	**प्रो0 क्षितिज श्रीवास्तव (सदस्य/संयोजक)**	**प्रो0 सुजाता (सदस्य)**	**डा0 मौसमी सिंह (सदस्य)**

Scanned with CamScanner